राजस्थान में नई रेलवे लाइनों का निर्माण

182. **श्री चतुर्भुज** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वर्ष में नई रेलवे लाइनों के निर्माण पर खर्च के लिये कितनी धनराशि निर्धारित की गई है;

(ख) उक्त धनराशि में से कितनी धनराशि राजस्थान में खर्च की जायेगी; और

(ग) राज्य की प्रस्तावित नई रेल परियोजनाओं की मुख्य बातें क्या हैं ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दण्डवते) : (क) चालू वर्ष में नयी लाइनों के निर्माण और उखाड़ी गयी लाइनों को फिर से बिछाने के लिए 23.58 करोड़ रुपये की राशि की व्यवस्था की गयी है।

(ख) कुछ नहीं।

(ग) राजस्थान में पड़ने वाले सूरतगढ़–भटिंडा रेलवे लाइन के आमान–परिवर्तन का काम चल रहा है और दिल्ली–अहमदाबाद के आमान–परिवर्तन का कार्य जो अधिकांशतः राजस्थान में पड़ता है, को 1977–78 के बजट में शामिल कर लिया गया है। बीकानेर से छतरगढ़ तक की नयी रेलवे लाइन के लिए सर्वेक्षण कार्य को भी 1977–78 के बजट में शामिल कर लिया गया है। इससे राजस्थान केनाल क्षेत्र के लिये रेल सुविधा सुलभ हो सकेगी।

बूंदी, झालावाड़, चित्तौरगढ़ में रेलवे लाइनें बिछाने और उनका विस्तार करने सम्बन्धी नई नीति

183. **श्री कृष्ण कुमार गोयल** : क्या रेल मंत्री यह बतानें की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पिछड़े राज्यों में रेल लाइनें बिछाने और उनका विस्तार करने के लिये कोई नई नीति अपनाई है ; और

(ख) यदि हां, तो बूंदी, झालावाड़, चित्तौड़गढ़ तथा अन्य क्षेत्रों में नये रेल मार्गों का निर्माण न करने के क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) जी हां, सरकार की यह नीति है कि देश के उन पिछड़े क्षेत्रों में रेलवे लाइनों का निर्माण किया जाय, जहां पर्याप्त यातायात होने की सम्भावना हो और जहां इनके निर्माण से उन क्षेत्रों का विकास हो सके।

(ख) धन की बहुत ही कमी है यहां तक कि जो परियोजनाएं इस समय चल रही हैं उनके लिए भी यह धनराशि पर्याप्त नहीं है। धन की कमी के कारण बूंदी, झालावाड़, चित्तौड़गढ़ और अन्य क्षेत्रों में रेलवे लाइनों का काम प्रारम्भ करना सम्भव नहीं हो पाया है।

विदिशा रेलवे स्टेशन पर स्थित पैदल 'ओवरब्रिज' का विस्तार किया जाना

184. **श्री राघवजी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय को विदिशा रेलवे स्टेशन पर स्थित पैदल ओवरब्रिज का विस्तार करने के लिये सुझाव प्राप्त हुआ है;

(ख) क्या उपरोक्त पुल के विस्तार की कोई योजना मध्य रेलवे के विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) क्या विदिशा रेलवे स्टेशन पर वाहनों के लिए भी ओवरब्रिज बनाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ?